4. Karlapadi Shyamala Ammal Choultry in West Street for Andhras and Vysyas.

FOR OTHERS

1. Arya Vysya Choultry in West Street for Ary Vysyas.
2. Reddiar Matam in West Street for Reddiars.
3. Nadar Choultry in New Street for Nadars.
4. Paramakudi Ayyasami Chettiar Choultry in We Car Street for Kasukara Chettiars.
5. Nagarathar Viduthi in South Car Street f Nagarathars.
6. Madurai V. S. K. Muthurama Iyer Choultry i East Car Street for Saurashtra Brahmins.
7. Kusalara Choultry in South Car Street for Sa rashtra Brahmins.
8. Udipi Narasimha Rao Choultry in North Ca Street for Udipi Brahmins.
9. Kasi Matam in Middle Street for Konka Brahmins.

Religious and literary works in which referenc has been made to Ramesvaram and Sethu.

1. Rig Veda.
2. Thaithriya Samhita or Krishna Yajur Veda.
3. Valmiki Ramayana.
4. Adhyathma Ramayana.

5. Ananda Ramayana.
6. Kamba Ramayana.
7. Tulsi Ramayana.
8. Agneya Purana.
9. Bhagavatha Purana.
10. Padma Purana.
11. Siva Purana.
12. Kurma Pūrana.
13. Skanda Purana.
14. Markandeya Purana.
15. Brahmanda Purana.
16. Matsya Purana.
17. Manu Smrithi.
18. Galava Smrithi.
19. Gowtha Smrithi.
20. Devala Smritai.
21. Marichi Smrithi.
22. Parasara Smrithi.
23. Thiru Gnanasambandar Thevaram.
24. Appar Thevaram.
25. Sekkilar's Periapuranam.
26. Arunagirinathar Thiruppugal.

27. Thayumanavar Padal.
28. Arunachala Kavirayar's Songs.
29. Vedanta Desigar's Dayasatakam.
30. Venkatadri's Viswagunadarsan.
31. Paranjothi Munivar's Thiruvilaiyadarpuranam.
32. Thevaiyula by Chokkanatha Pulavar.
33. Sethupuranam by Niramba Alagiya Desigar etc.

BHARATHI VIJAYAM PRESS, MADRAS-5.

ॐ

शिव शिव

रामेश्वरम तथा धनुष्कोटि यात्रा मार्गदर्शिका

लेखक :

श्री ए. उद्दण्डरामन्, बी.ए., बी.एल., आइ. ए. एस.,

भूतपूर्व कमीशनर.

हिन्दू रिलिजियस तथा चैरिटबिल एण्डोमेन्ट, (निर्वहन) विभाग, मद्रास

श्री रामनाथस्वामी देवस्थानम,

रामेश्वरम.

प्रकाशकः—मेसर्स श्री बालसुब्रमण्यम् रिलिजियस एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट, नंबर ३/९६, गोडाउन स्ट्रीट, मद्रास–१. तथा मेसर्स कुमार ब्रदर्स, कपड़े का व्यापारी, न. ५, गोडाउन स्ट्रीट, मद्रास–१.

ॐ

शिव शिव

श्री रामेश्वरम् देवस्थानम

निधिपालक मण्डल

प्रस्तावना

कमीशनर, हिन्दू रिलिजियस एण्ड चैरिटबल एण्डोमेन्ट्स (निर्वहन) विभाग मद्रास

'रामेश्वरम-धनुष्कोटि यात्रा मार्गदर्शिका' नामक इस पुस्तिका केलिए, जिसके लेखक हिन्दू रिलिजस एण्डोमेन्ट कमीशन के भूतपूर्व कमीशनर हैं, मुझसे प्रस्तावना लिखने को कहा गया, इसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ। श्रील. श्री काशीवाशी अरुलनन्दि तम्बिरान, तिरुप्पनन्दाल मठ के मठाधिपति, के आदेश से यह पुस्तक निकाली जा रही है। श्री तम्बिरानजी ने यह सुझाव मदरास के श्री बालसुब्रह्मण्य स्वामी एण्ड कंपनी को दिया था। इस बहुत ही उपयोगी रामेश्वरम-धनुष्कोटि यात्रा पुस्तक के लेखक इस काम के लिए बहुत ही योग्य व्यक्ति हैं।

इस पुस्तक के लेखक महोदय न केवल कई वर्षों तक इस राज्य के धर्म-देवस्थानों के निर्वहन का भार सँभालते रहे, बल्कि उन संस्थानों में उच्च धार्मिक वातावरण को बनाये रखने केलिए कई उपयोगी कार्य करने का श्रेय उनको है। आप स्वयं एक अच्छे धार्मिक व्यक्ति हैं, इसलिए आप ने इस राज्य के मंदिरों की पवित्रता, वहाँ की पूजाविधि तथा अन्य कई कार्यों की पुनीत भावना बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया। पाश्चात्य विचारधाराओं के

कारण लगभग दो शताब्दियों तक हिन्दू धर्म तथा मूर्ति-पूजा
प्रति जो द्वेष प्रचार हुए उनको दूर करने केलिए इस पुस्तक
लेखक ने मंदिरों और देवस्थानों की पुनीत भावना की दि
दिन वृद्धि कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस राज्य के हर
दिव्यक्षेत्र से संबन्धित सभी विवरण प्राप्त करने में उन्होंने
कसर उठा नहीं रखी। रामेश्वरम तथा धनुष्कोटि के बा
उन्होंने सही-सही जानकारी प्राप्त की है। अतः इस उप
पुस्तक को लिखने के लिए वे सब तरह से योग्यता रखते
अधिकतर यात्री उत्तर भारत से ही आया करते हैं, इसलिए
पुस्तक अंग्रेज़ी में लिखी गयी है तथा इसका हिन्दी संस्करण
तैयार किया गया है। तमिल भाषा भाषी लोगों केलिए
तमिल संस्करण अलग से निकाला जा रहा है।

इस पुस्तक में रामेश्वरम तथा धनुष्कोटि के संबन्
सभी बातें—उनका धार्मिक महत्व, उनसे संबन्धित पौराणिक क
हर एक मंदिर या झांकी के बारे में विवरण, उत्सवों के वि
यात्रियों को मिलने वाली सुविधाएँ, प्रधान मंदिर का इति
रामेश्वरम द्वीप की भौगोलिक स्थिति—यह सब इसमें दिया गय
द्वीप तथा मंदिर संबन्धी नक्शे भी इस पुस्तक के साथ दिये गये

यात्रीगण इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना करा
पहले ही सभी सही विवरण इस पुस्तक से पाकर उनका लाभ
सकते हैं, इसमें कोई शक नहीं है। इन विषयों को ले

उपयोगी ढंग से लिखा भी है। इस प्रकार इस पुस्तक को लिखकर लेखक इधर आनेवाले यात्रियों की कृतज्ञता के पात्र बन गये हैं।

धार्मिक हिन्दू जनता श्री बालसुब्रमण्यम एण्ड कंपनी के प्रति अपना आभार प्रदर्शन करेगी, क्योंकि उक्त कंपनी ने अपनी कंपनी के न्यास की ओर से इस अति उपयोगी पुस्तक को प्रस्तुत किया है। उन्होंने तिरुप्पनन्दाल मठ के मठाधिपतिजी का सुझाव सिर आँखों चढाकर इसे पूरा किया है। इस कम्पनी के न्यास की ओर से केदारनाथ से लेकर कन्याकुमारी तक—वाराणसी, तिरुपति, तिरुत्तणि, तिरुवानैक्कावल, पलनी, मदुरै आदि कई मंदिरों में चाँदी के दीप रखाये गये हैं। इस कंपनी ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर कन्याकुमारि के मंदिर में चाँदी के पूजापात्र बनवाये हैं, मंदिर के गर्भगृह के किवाड़, सीढ़ियाँ आदि को चान्दी से मढा है। इससे वह पूजागृह कैलाशपर्वत के सदृश श्वेत शुभ्र बनकर जगमगाता है। इस कंपनी तथा न्यास का अनुकरण और लोग भी करेंगे ऐसी आशा है।

श्री तिरुप्पनन्दाल मठ भारत में धार्मिक कार्यों के लिए अनगिनत रकमें खर्च करके कई सराहनीय कार्य करता आया है। इस मठ के मठाधिपति स्वामीजी श्री रामनाथ स्वामी तथा देवी पर्वतवर्द्धिनी के बडे भक्त हैं। स्वामीजी जिस मंदिर में जाते हों, वहाँ की आवश्यकता को वे एक क्षण में समझ लेते हैं। उन्होंने रामेश्वरम के श्री पर्वतवर्द्धिनी अम्बाल कन्या हाई स्कूल में संस्कृत

की शिक्षा दिलाने के लिए जो न्यास बनाया है उसके लि
उनको हार्दिक धन्यवाद इस अवसर पर मैं समर्पित करना चाह
हूँ। इसी तरह का एक न्यास उन्होंने तिरुनेलवेली
कान्तिमति अम्बाल हाई स्कूल केलिए भी बनाया है।
न्यासपत्रों में स्वामीजी के वक्तव्य को पढ़ने से पता चलेगा
हर एक हिन्दू धर्म के विद्यार्थी के लिए संस्कृत का ज्ञान रख
कितना आवश्यक है। भारत के अन्य धार्मिक संस्थानों की
से भी इस बात का अनुकरण किया जाएगा ऐसी आशा की
है। इस उपयोगी "मार्गदर्शिका" को प्रकाशित कराने
श्री स्वामीजी रामेश्वरम के दर्शन करने आनेवाले असंख्य यात्रि
की कृतज्ञता के पात्र बने हुए हैं।

रामेश्वरम तथा धनुष्कोटि की यात्रा करनेवाले सभी यात्रि
को श्री रामनाथ स्वामी तथा पर्वतवर्द्धिनी देवी की पूर्ण कृपा
प्रसाद प्राप्त हो !

एम. एस. शारंगपाणि मुदलियार,
कमीशनर,
26–11-

निवेदन

'रामेश्वरम-धनुष्कोटि यात्रा मार्गदर्शिका' नामक यह पुस्तक श्री बालसुब्रमण्यम एण्ड कंपनी तथा कुमार ब्रदर्स की प्रार्थनानुसार मैंने लिखी है। तिरुप्पनन्दाल मठ के स्वामीजी ने इन्हें भारत भर से रामेश्वरम तथा धनुष्कोटि में आनेवाले यात्रिकों के उपयोगार्थ इस कंपनी को यह पुस्तक हिन्दी और अंग्रेजी में प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

अपनी सीमित योग्यता का ज्ञान तो मुझे है ही, फिर भी मैं इन दो व्यक्तियों की प्रार्थना को अस्वीकार नहीं कर सका। (इन दोनों कंपनियों ने हिमालय से कन्याकुमारी तक---कन्याकुमारी, रामेश्वरम, तिरुवण्णामलै, वाराणसी, भद्रीनाथ, केदारनाथ आदि कई मंदिरों में चान्दी के दीपों तथा उनके निरंतर जलते रहने के लिए खर्च की व्यवस्था की है।) ये दो कंपनियाँ जिस श्रद्धा तथा भक्ति के साथ भारत के मंदिरों में विभिन्न कार्य संपन्न कर रही हैं उनको देखते हुए, मैं उन कंपनियों केलिए यह पुस्तक लिखने में अपने को धन्य मानता हूँ। इन दोनों संस्थाओंने काशी के विश्वनाथ मंदिर में रखे हुए चांदी के दीपों में जलाने केलिए हर साल 730/रुपये का घी खरीदने की व्यवस्था की है। यह काशी के मठम के द्वारा मंदिर में भेजा जाता है। इस काम के लिए इन संस्थाओं ने मदरास के अफीशियल ट्रस्टी के अधीन आवश्यक निधि सौंप रखी है। यह पुण्यकार्य नियत नियमपूर्वक

चले इस के लिए काशी के मठ के द्वारा ही रोज़ मंदिर में
पहुँचाया जाता है। इस व्यवस्था को अपनी स्वीकृति देकर
पुण्यकार्य श्रीलश्री स्वामीजी करा रहे हैं; उनकी इस अपार
के लिए किन शब्दों में आभार प्रदर्शित करें!

श्री गोदेश्वर के मंदिर में भी श्री स्वामीजी ने ही इन
को अपने हाथों जलाने का अनुग्रह किया था। इन कारणों से
इन दोनों संस्थाओं के प्रति श्री स्वामीजी के मन में प्रेम
सद्भावना भरी हुई है। इसलिए ही इस पुस्तक को प्रकाशित क
का कार्य भी स्वामीजी ने इन्हें सौंपा है।

इस पुस्तक को लिखने का भार अपने ऊपर लेने
एक और मुख्य कारण यह था कि सुप्रसिद्ध तिरुप्पनन्द
मठ के मठाधीश श्री अरुलनन्दि तंबिरान स्वामी ने इसकी प्रे
प्रदान की थी। श्री अरुलनन्दि तम्बिरान स्वामीजी की ई
भक्ति तथा धार्मिक विश्वास इसी बात से स्पष्ट है कि वे अ
ढलती उम्र में भी हर साल हिमालय के ऊपर केदारनाथ की य
किया करते हैं तथा असंख्य धार्मिक और शैक्षणिक कार्यों के
लगभग एक करोड रुपये के न्यासों की सृष्टि की है। स्वामी
के प्रति मेरी भक्ति तथा श्रद्धा ऐसी है कि मैं उनकी इच्छा
पूर्ति न करने की बात मन में भी सोच नहीं सकता। यह पु
अगर यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध हुई, तो उसके लिए
स्वामीजी को ही अपने भक्ति-श्रद्धामिश्रित धन्यवाद समर्पित क
चाहूँगा। श्री रामनाथ स्वामी के भक्त श्री स्वामीजी ने इस पु

का अवलोकन कर अपने आशीर्वाद प्रदान किये इसके लिए मैं उनके अत्यन्त आभारी हूँ।

मदरास हिन्दू रिलिजस एण्डोमेंट कमीशनर श्री एम. एस. शारंगपाणि मुदलियार ने इस पुस्तक के लिए एक बहुमूल्य प्रस्तावना लिखनें की बड़ी कृपा की है। ऐसा लिखते हुए उन्होंने इस पुस्तक की अत्यधिक प्रशंसा की है, यह तो मेरे ऊपर उनके विशेष प्रेम को तथा मामूली बात को भी बड़ा मानकर प्रोत्साहित करने के उनके उदार मन को दर्शाता है। उन्होंने मेरे बारे में जो कहा है उस के लिए मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ। उन्होंने इस पुस्तक के प्रकाशकों के कार्य की तथा मठाधीश के कार्य की सराहना की है जिसका मैं पूरे हृदय से समर्थन करता हूँ।

अन्त में, इस पुस्तक को लिखने केलिए उपयोगी कई सामग्रियाँ मुझे रामेश्वरम के देवस्थानम से प्राप्त हुईं, जिसके लिए मैं देवस्थानम के कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ।

हर एक यात्री इस पुस्तक से पूरा पूरा लाभ उठाये तथा भगवान रामनाथस्वामी और देवी पर्वतवर्द्धिनी के प्रसाद के वे पात्र हों!

मदरास. —ए. उद्दण्डरामन

::

विषय-सूची

पृष्ठ सं

"वास्तविक ईश्वर-पूजा क्या है" इस विषय पर स्वामी विवेकानन्दजी का श्री रामेश्वरम के मंदिर में दिया गया भाषण

धर्म प्रेम में ही टिका हुआ है, न कि कृत्यों में ; वह टिका हुआ है हृदय के अन्दर से उठनेवाले आंतरिक, सच्चे प्रेम में। जब तक कि एक आदमी मन तथा शरीर से पवित्र न हो, उसका मंदिर में आकर शिव के दर्शन करना व्यर्थ है। जिनका मन तथा शरीर पवित्र हों वैसे लोगों की प्रार्थनाएँ भगवान शिव अवश्य सुनते हैं, तथा जो स्वयं अपवित्र रहते हुए भी दूसरों को धर्म का उपदेश देना चाहते हैं उन्हें असफलता ही हाथ लगती है। बाहरी आराधना भीतर की आराधना का एक प्रतीक मात्र है ; जब कि भीतरी आराधना तथा पवित्रता ही सच्ची बातें हैं। इनके बिना बाहरी आराधना किसी काम की नहीं रहेगी। इसलिए तुम सब को इसे अच्छी तरह स्मरण में रख लेना चाहिए।

एक आदमी अगर अपवित्र मन के साथ मंदिर में जावे, तो वह अपने पापों के साथ और पाप ही जोड़ लेता है, तथा पहले ही बुरा था, और अधिक बदतर आदमी बनकर घर वापस लौटता है। तीर्थ (यात्रा-स्थल) पवित्र आत्माओं और पवित्र वस्तुओं से भरा एक स्थान है। किसी मामूली स्थान पर किया

गया पाप शायद धुल भी सकता है, पर तीर्थस्थान में कि
गया पाप कभी नहीं मिट सकता है। सभी पूजाओं
यही सार है—स्वयं पवित्र रह कर दूसरों का भला कि
करें। जो गरीबों में शिव को देखता है, दुखियों और कमज़ो
में शिव को देखता है, वही शिव की सच्ची पूजा करता है।
अगर वह सिर्फ़ मूर्तियों में शिव को देखने का प्रयत्न करे, त
उसकी पूजा सिर्फ़ प्रारंभिक ही होगी। किसी ने अगर एक
गरीब दुखी आदमी में शिव को देखता हुआ, उस गरीब
जाति, धर्म आदि बातों की चिन्ता किये बिना उसकी सेवा की
तो वैसी सेवा करने वाले से शिवजी अधिक प्रसन्न रहते हैं बनिस्ब
इसके कि जो शिवजी को मंदिरों में ही देखने का प्रयत्न करे।

जो शिवजी की आराधना करना चाहे उसे पहले उस भगवान
की संतानों की सेवा करनी चाहिए, उसे पहले इस संसार के सभी
प्राणियों की सेवा करनी चाहिए। शास्त्रों में कहा गया है कि
भगवान के भक्तजनों की सेवा जो करता है वही भगवान का सच्चा
भक्त है। इसलिए इसे हृदय में गांठ बांध लो।

मै दुबारा तुम्हें बताना चाहता हूँ कि तुम्हें पवित्र जीवन
बिताना चाहिए तथा तुम्हारे पास जो आवे उसकी सेवा जितनी
तुमसे हो सके कर देना चाहिए। यही सच्चा कर्म है। इस कर्म
की शक्ति से चित्त-शुद्धि प्राप्त होती है और तब वह सर्वान्तर्यामी

शिव हमें स्पष्ट दर्शन देगा । हर एक मनुष्य के हृदय में उसका वास है। धर्म की परीक्षा निःस्वार्थपरता में है। इस तरह की निःस्वार्थपरता जिसके पास और लोगों से अधिक है, वह अधिक दैवी अंश रखनेवाला तथा शिव के अधिक निकट है। वह चाहे विद्वान हो या चाहे मूर्ख, वह और लोगों की अपेक्षा भगवान के निकट रहता है, भले ही उसे इसका ज्ञान न हो। और अगर एक आदमी स्वार्थी हो, चाहे उसने सभी मंदिरों के दर्शन किये हों, सभी तीर्थ-स्थानों में हो आया हो, चीते के समान अपने को रंग लिया हो, तब भी वह भगवान से अभी दूर ही रहता है।

[यह भाषण शिलाओं में खुदवाकर रामेश्वरम मंदिर के गोपुर द्वार पर स्थापित किया गया है। इस शिला का अनावरण भारत के राष्ट्रपति डा० एस. राधाकृष्णन के कर-कमलों से ता. 28-9-1963 को सम्पन्न हुआ था।]

ॐ

रामेश्वरम और धनुष्कोटि

रामेश्वरम

रामायण जितना प्राचीन है, उतना ही प्राचीन है रामेश्वरम
काशी के समान ही इस यात्रास्थल की प्रसिद्धि है। रामेश्वरम के
दर्शन-पूजा तथा महोदधि (बंगाल की खाडी) और रत्नाकर
(हिन्दमहासागर) का संगमस्थल धनुष्कोटि (सेतु) में स्नान करने
पर ही काशी-यात्रा पूरी हुई मानी जाती है। 'सेतु' नामक संस्कृत
शब्द का अर्थ है पुल। रामचन्द्रजी ने लंका पहुँचने केलिए जो
पुल बनाया यही वह पुल है। रावण का भाई तथा श्री राम के
भक्त विभीषण के अनुरोध से रामचन्द्रजी ने अपने धनुष की नोक से
इस पुल को तोड डाला इसलिए इसका नाम धनुष्कोटि पड़ा
(धनुष की कोटि—कोटि माने नोक)। श्री राम ने अपने धनुष की
नोक से पुल बनवाने के लिए स्थान बताया इसलिए यह नाम पड़ा
ऐसा भी कहा जाता है। रामेश्वरम में दर्शन करने के पहले और
बाद को दो समुद्रों के संगमस्थान 'सेतु' में स्नान करना अनिवार्य
माना जाता था। पर धनुष्कोटि में ठहरने की सुविधा की कमी
तथा रेल गाडियों की कमी के कारण यात्रीगण आजकल पहले
रामेश्वरम जाकर दर्शन कर लेते हैं, फिर सेतुस्नान करते हैं।
इस संगम-स्थान में पितृतर्पण करने तथा अस्थि-विसर्जन करने की

भी परिपाटी है। चट्टानें तथा छोटे-छोटे टापू जो दिखायी पडते हैं इन्हें उस प्राचीन पुल का अवशेष कहा जाता है।

रामेश्वरम का मतलब है राम का ईश्वर, अर्थात, वह पवित्र स्थान जहाँ रामचन्द्रजी द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर विराजमान हैं। रावण का वध करने से लगे ब्रह्महत्या के दोष से निवृत्त होने के लिए श्री रामने ऋषि-मुनियों की सलाह से सीताजी, लक्ष्मण सहित यहाँ शिवलिंग की स्थापना कर पूजा की, ऐसा पुराणों में कहा गया है। (रावण ब्रह्मा का पौत्र था इसलिए ब्राह्मण था।) शिवजी की मूर्ति की स्थापना करने शुभ मुहूर्त निश्चित करके कैलास से शिवलिंग लाने हनुमान को श्री रामने भेजा, पर सुदूर कैलास से शिवलिंग लाने में हनुमान को विलंब हो गया। इसलिए सीताजी ने मृत्तिका (रेत) से ही एक शिवलिंग बनाकर स्थापित कर दिया ऐसा भी बताया जाता है। हनुमानजी ने वापस आकर क्रोध से उस रेत के बने शिवलिंग को हटाना चाहा, पर वह नहीं हो सका। हनुमान को शांत करने के लिए श्री राम ने उनके लाये हुए शिवलिंग को भी पास ही स्थापित करके यह आदेश निकाला कि पहले हनुमान के लाये शिवलिंग की ही पूजा-अर्चना की जानी चाहिए। भारत भर के बारह ज्योतिर्लिङ्गों में यह 'रामलिंग' भी एक है। बाकी काशी, केदार, सोमनाथ, उज्जैन, ओंकार (नर्मदा), बैजनाथ, भीमशंकर, नागेश (औंध), श्रीशैलम् आदि क्षेत्रों में हैं। रामेश्वरम के

मंदिर में विशालाक्षीजी की बगल में जो ज्योतिर्लिङ्ग है वह विभीषण द्वारा स्थापित है।

रामेश्वरम एक टापू है। एक संकरे समुद्र से यह विशाल भूभाग से अलग कर दिया गया है। इस संकरे समुद्र पर जो रेल की लाइनें हैं वे पांबन्, मण्डपम् नामक दो रेलवे स्टेशनों को जोड़ती हैं। पांबन से उत्तर-पूरब में रामेश्वरम तथा दक्षिण-पूरब में धनुष्कोटि हैं। पांबन स्टेशन से इन दोनों स्थानों को जो रेल मार्ग थे वे हाल ही में तूफ़ान से नष्ट हो गये। इसलिए सरकार ने रामेश्वरम से धनुष्कोटि के लिए एक सिमेंट की सड़क बनवायी है। आज भी रामेश्वरम से धनुष्कोटि रेल से जाने की अपेक्षा समुद्र के किनारे-किनारे तेज़ नावों से चलना अधिक सुविधाजानक है। इस रामेश्वरम द्वीप की शकल भगवान विष्णु के हाथ में रहनेवाले शंख की जैसी है।

रामनाथस्वामी का मंदिर

रामेश्वरम द्वीप में सब से मुख्य रामनाथस्वमी का मंदिर है। मछुओं को छोड़कर इस द्वीप के अधिकतर लोग इस मंदिर से ही जीविका चलाते हैं। दक्षिण भारत के सभी प्राचीन मंदिरों के लिए जिस तरह चहारदीवारियाँ (परकोटे) होती हैं उसी तरह रामेश्वरम मंदिर के लिए ऊँची चहारदीवारियां हैं। पूरब-पश्चिम में 865 फुट लंबी तथा उत्तर-दक्षिण में 657 फुट लंबी

மூன்றும் பிரகாரம்

चहारदीवारियाँ हैं। पूरब और पश्चिम में ऊँचे ऊँचे गोपुर हैं तथा उत्तर व दक्षिण में अधूरे गोपुरद्वार हैं।

इस मंदिर की सब से प्रसिद्ध वस्तु इसके लंबे प्राकार हैं। दोनों तरफ़ पांच फुट ऊँचे बरामदे पर स्थित खंभों की कतार पर ये प्राकार बने हैं। तीसरा पश्चिमी प्राकार तथा पश्चिम गोपुरद्वार से सेतुमाधव मंदिर जानेवाला रास्ता जहाँ मिलते हैं वह स्थान शतरंज के तख्ते के समान दिखाई देने से वह 'चतुरंगमण्डपम्' (शतरंजी मण्डप) कहलाता है। 'वसन्तोत्सव' के अवसर पर इसी मण्डप में मंदिर की मूर्तियों को अलंकृत कर दर्शनार्थ रखा जाता है। रामनथपुरम के 'सेतुपतियों (राजाओं) की ओर से आषाढ़, माघ महीनों में छठवें दिन का उत्सव यहीं पर कराया जाता है। तीसरा बाहरी प्राकार संसार भर में सब से लंबा प्राकार समझा जाता है। उत्तर-दक्षिण का प्राकार हर एक की लंबाई 640 फुट है। तथा पूरब-पश्चिम के प्राकारों की लंबाई 400 फुट है। पूरब-पश्चिम के भीतरी प्राकारों की लंबाई 244 फुट तथा दक्षिण-उत्तर के भीतरी प्राकारों की लंबाई 352 फुट है। इनकी चौड़ाई 15½ फुट से 17 फुट तक है। मंदिर के सभी देवताओं के लिए अलग अलग प्राकार हैं। पूरब-पश्चिम के 117 फुट लंबे तथा उत्तर दक्षिण के 172 फुट लंबे हैं। इनकी चौड़ाई भी 14½ फुट से 17 फुट तक है। इस तरह मंदिर भर के सभी प्राकारों की कुल लंबाई 3850 फुट होती है। बाहरी प्राकारों में कुल 1200 खंभे हैं।

उनकी ऊँचाई ज़मीन से ऊपरी छत तक 30 फुट है। ये सब खंभे बहुत सुन्दर शिल्प-कला से भरे पड़े हैं। ये एक तरह के मृदु पत्थरों से बनाये गये हैं। "ये इमारतें भीतर और बाहर से किसी प्रकार की प्राचीन वास्तु-निर्माण की सुन्दरता को नहीं दर्शाते; यह उनकी शिल्पों की बनावट की वजह से उठने वाली कमी है। फिर भी, उनमें दिल को छूनेवाला कोई आकर्षण अवश्य है। जहाँ तक मुझे मालूम है, भीतरी सुन्दरता से भरा मंदिर यही एक है; उसकी प्राचीन शिल्प-सुन्दरता के विषय में सिर्फ़ इतना कहना पर्याप्त होगा।"—इस तरह रामनाथपुरम ज़िले के भूतपूर्व कलेक्टर श्री टाटनहैम ने कहा था। उस ज़माने में जब कि आने-जाने की अच्छी सुविधाएँ नहीं थीं, कैसे इतने ढेर के ढेर भारी-भारी पत्थर लाकर इन सब को बनवाया यह बात हम सब को अचरज में डाल देती है। "द्रविड़ शिल्पकला की सारी सुन्दरता तथा साथ ही कुछेक कमी-बेशियों से युक्त किसी मंदिर को चुनना हो, तो वह निःसन्देह रामेश्वरम का मंदिर ही होगा।"—ऐसा श्री फ़रग्यूसन लिखते हैं। संक्षेप में, यह मंदिर सुन्दर बनावट और वास्तुकला का अच्छा नमूना है।

मंदिर का इतिहास

प्राचीन काल में नारियल के पत्तों से बनी छत वाला यह मन्दिर एक साधु की देख-रेख में था। आज का यह मंदिर कई

सदियों के अर्से में कई लोगों के द्वारा धीरे-धीरे निर्मित होकर इस शान तक पहुँचा है। इन लोगों में प्रथम आते हैं रामनाथपुरम रियासत के सेतुपति (राजा) लोग। मूल लिंग वाले गर्भगृह को को तथा अंबा (देवी) के मन्दिर का निर्माण बारहवीं शताब्दि में श्रीलंका के राजा पराक्रम बाहु ने किया था इसके सबूत मिलते हैं। पंद्रहवीं सदी में रामनाथपुरम के उडैयान सेतुपति राजा ने तथा नागपट्टिणम के नज़दीक के नागूर निवासी एक वैश्य ने ७८ फुट के गोपुर का और चहारदीवारियों का निर्माण किया। मदुरै के किसी धनी भक्त ने देवी के मन्दिर की मरम्मत करवायी। सोलह-वीं सदी में मन्दिर के दक्षिणी भाग के द्वितीय प्राकार वीथी का निर्माण तिरुमलै सेतुपति नामक राजा ने करवाया। देवी के मन्दिर के द्वार पर उनकी तथा उनके पुत्र रघुनाथ सेतुपति की मूर्तियाँ बनी हैं। हर शुक्रवार की रात को इन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया जाता है। फिर उसी शताब्दी में मदुरै के राजा विश्वनाथ नायक के अधीनस्थ एक राजा चिन्न उडैयान् सेतुपति कट्टत्तेवर ने नन्दीमण्डप तथा अन्य कुछ कार्य संपन्न किया। इस नन्दी (वृषभ) का आकार 22 फुट लंबा, 12 फुट चौड़ा तथा 17 फुट ऊँचा है। सत्रहवीं सदी में दलवाय् सेतुपति ने पूरब दिशा के गोपुर का एक अंश बनवाया। अठारहवीं सदी के आरंभ में रविविजय रघुनाथ सेतुपति नामक राजा ने देवी-देवता के शयनगृह का तथा देवी के गर्भगृह के सामने एक मण्डप का निर्माण कराया। फिर उसी शताब्दी में

मुत्तुरामलिंग सेतुपति ने बाहरी प्राकार का निर्माण-कार्य पूरा कि[illegible]
उनकी तथा उनके दो अमात्यों की शिलामूर्तियाँ पूरबी प्राका[illegible]
उत्तरी द्वार पर देखी जा सकती हैं।

1897 और 1904 के बीच देवकोट्टै के 'ऊ. अरु.' [illegible]
वालों ने कुटुंब की धार्मिक निधि से खर्च करके नौ द्वारवाले [illegible]
फुट ऊँचे पूरब के गोपुर का निर्माण कराया। 1907, 1[illegible]
सालों के बीच में उन्हीं कुटुंब वालों ने गर्भगृह की मरम्मत करवा[illegible]
मामूली पत्थरों के प्राकारों को काले पत्थरों से नये ढंग [illegible]
बदलवाया, सब जगह हवा और रोशनी की सुविधा करवा[illegible]
इसके अलावा 27-2-1947 को सारे मन्दिर का अष्टबंधन [illegible]
कुंभाभिषेक भी करवाया। दूसरे प्राकार की मरम्मत का [illegible]
अभी पूरा होना बाकी है। बाहरी प्राकार में भी जहाँ तहाँ म[illegible]
का काम बाकी रह गया है। उत्तर और दक्षिण के गोपुरों [illegible]
बनवाना है। भक्त जनों से अनुरोध है कि इस सुयोग को हा[illegible]
जाने न दें तथा अपनी शक्ति भर इन कार्यों के लिए निधि[illegible]
सहायता देकर भगवान की कृपा का पात्र बनें।

विभिन्न पूजाएँ

प्रातः काल 5 बजे से रात के दस बजे तक (म[illegible]
12 बजे से शाम 4-30 बजे के बीच का समय छोड़[illegible]

मंदिर खुला रहता है। दिन भर में कुल छः बार पूजाएँ होती हैं।

प्रातः काल	5 बजे	तिरुवनन्दल (अभिषेक सहित)
प्रातः	7 बजे	उदयकाल
प्रातः	9 बजे	कालसन्धि
मध्याह्न	12 बजे	उच्चिकाल पूजा
शाम	6 बजे	सायंकाल पूजा
रात	9 बजे	अर्द्धजाम पूजा

शयन-गृह मे भगवान को ले जाना तथा देवी के मन्दिर के शयन-गृह में भगवान और देवी की पूजा रात्रि के नौ बजे के बाद दस बजे के अन्दर होती है।

निश्चित समयों में होनेवाली इन पूजाओं के अतिरिक्त, यात्रीगण देवस्थान के कार्यालय से जो टिकट लाते हैं उनके निमित्त पूजा-अर्चनाएँ भी अर्चक लोग करते हैं। नक़द, सोना-चाँदी, गहने आदि कीमती वस्तुएँ यात्रीगण चढाना चाहें, तो उनको देवस्थान के पेशकार को सौंपना चाहिए। वे उन चीज़ों को भगवान के चरणों में अर्पित कराने की व्यवस्था करेंगे, फिर उन वस्तुओं को देवस्थान के हिसाब में जमा कराकर उनके लिए रसीदें भी देंगे।

ज़मीन-ज़ाययाद की स्थावर भेंटें जो भक्तगण मन्दिर को देना चाहें, उन्हें देवस्थान के ख़ज़ांची से संपर्क करके आवश्यक व्यवस्था करा लेनी चाहिए। मन्दिर के 'धर्मकर्तामण्डल' (निधि-पालक मण्डल) की स्वीकृति पाकर ऐसी भेंटों केलिए काग़ज़-पत्रों की रजिस्ट्री करानी चाहिए। अभिषेक केलिए गंगा जल के कलश तांबा, पीतल या कांसे के ही होने चाहिए। वैसे कलशों केलिए नियत शुल्क देने पर पेशकार उन्हें स्वीकार करेंगे। टीन या लोहे के बर्तन नहीं लिये जाएँगे। मगर वैसे बर्तनों में गंगाजल लानेवाले भक्तजन मंदिर के दफ़्तर से पीतल या तांबे के बर्तन उचित दाम देकर प्राप्त कर सकते हैं। पेशकार इस बात की जांच व पूछ-ताछ करेंगे कि जो जल लाया गया है वह असली गंगाजल है कि नहीं; उनको विश्वास होने पर दूसरे पात्रों में वैसे जल को बदल लेने की व्यवस्था करेंगे। बर्तनों के लिए नियत दाम तथा प्राप्ति की सूचना देने 15 पैसे के साथ डाक द्वारा या रेल द्वारा भी गंगा जल भेजा जा सकता है। बर्तन का मूल्य न देकर एक छटांक केलिए एक रुपये के मूल्य पर देवस्थान के दफ़्तर से भी गंगाचल प्राप्त किया जा सकता है। हर एक मुख्य द्वार पर गोलक रखे गये हैं, जिनमें भक्त यात्रीगण रुपये-पैसे समर्पित कर सकते हैं। समय-समय पर ये गोलक जनता तथा अफ़सरों के सामने खोले जाते हैं तथा उनमें की आमदनी मंदिर के हिसाब में जमा की जाती है।

अभिषेक

यात्रीगण निश्चित शुल्क पहले ही देकर टिकट ले लें, तो निम्नलिखित अभिषेक कराये जा सकते हैं :—

1. कलशाभिषेक (1008 तथा 108)
2. नैवेध्य प्रसाद के साथ उभयाभिषेक (तीन तरह के)
3. प्रसादों के साथ पंचामृत-अभिषेक } इनके लिए देवस्थान
4. प्रसादों के साथ शंखाभिषेक } गंगाजल सप्लाई करेगा
5. प्रसादों के साथ शंखाभिषेक (1008 तथा 108)

अर्चनाएँ—अष्टोत्तर (108), त्रिशति (308), सहस्रनाम (1008) ये तीन हैं। अभिषेक, अर्चनाएँ, अन्य सेवाएँ इनका विवरण पीछे दिया गया है। शुल्कों का विवरण मंदिर के दफ़्तर से जाना जा सकता है।

पहले ही रुपया जमा करने पर पंचमूर्तियों का जुलूस, चांदी के रथ का जुलूस, सोने की पालकी में देवी को मोती जड़ा पहनावा पहनाकर जुलूस निकालना इनकी भी व्यवस्था की जा सकती है। उत्सव के समाप्त होने पर उत्सव करानेवाले भक्तों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया जाएगा। नारियल, केला आदि अर्पित करना, काँवर उठाना, जटा उतारना, विवाह, पालना बांधना आदि मनौतियाँ पूरी करने नियत शुल्क की जान-

कारी देवस्थान के कार्यालय से जान लेनी चाहिए। फिर नियत शुल्क देकर रसीद प्राप्त करनी चाहिए। यात्रीगण काफी समय पहले मंदिर के अफ़सरों को सूचना देकर उचित शुल्क भी दे दें, तो मंदिर के सोने-चांदी के गहने, वाहन (सोने-चांदी की सवारियाँ) आदि को देख सकते हैं।

मंदिर के पुनीत तीर्थ

मंदिर के अन्दर भिन्न-भिन्न जगहों में 22 तीर्थ (अधिकतर कुएँ) होते हैं। यात्रियों को स्वयं अपना लोटा-डोरा लाकर पानी खींचकर स्नान करना चाहिए। नहाने का पानी फिर कुएँ के अन्दर नहीं पहुँचना चाहिए। इन तीर्थों में नहाने से मन और शरीर पवित्र होते हैं। इन तीर्थों में पवित्रता के साथ-साथ औषधियों का असर भी है।

मंदिर के अन्दर के तीर्थ

1. महालक्ष्मी तीर्थ (हनुमानजी के मंदिर के दक्षिण में)
2. सावित्री तीर्थ }
3. गायत्री तीर्थ } हनुमानजी के मंदिर के पीछे बगीचे में
4. सरस्वती तीर्थ }
5. माधव-तीर्थ-पश्चिमी तीसरा प्राकार

6. गंधमाधव तीर्थ
7. गवाक्ष तीर्थ
8. गवाय तीर्थ
9. नल तीर्थ
10. नील तीर्थ

पश्चिमी तीसरे प्राकार में सेतुमाधव मंदिर के पास

11. शंखतीर्थ
12. चक्र तीर्थ

पूरबी दूसरे प्राकार में

13. ब्रह्महत्या विमोचन तीथ
14. सूर्य ,,
15. चन्द्र ,,
16. गंगा ,,
17. यमुना ,,
18. गया ,,

कुएँ, उत्तरी दूसरे प्राकार में हैं

19. शिवतीर्थ—नन्दी मण्डप के पास
20. सत्यामृत तीर्थ—नवशक्ति मण्डप के पास
21. सर्वतीर्थ—रामनाथ स्वामी सन्निधि के भीतर
22. कोटि तीर्थ—विशालाक्षी मंदिर और विभीषण या ज्योतिर्लिङ्ग के बीच में है।

इनके अलावा मंदिर के बाहर भी 21 तीर्थ हैं। ये देवी-पट्टणम (नवपाषाण), तिरुप्पुल्लाणि (दर्भशयनम), मण्डपम्, पाम्बन्, तंगच्चिमडम्, रामेश्वरम आदि स्थानों में बिखरे पड़े हैं। ये सब

यद्यपि काफ़ी प्राचीन महत्व रखते हैं, फिर भी इनमें से कइयों के पास पहुँचना कठिन है, इसलिए यात्रीगण यहाँ जाने का कष्ट न उठावें।

मन्दिर के बाहर के तीर्थ

1. चक्र तीर्थ या धर्म-पुष्करिणी—देवीपट्टणम
2. चक्र तीर्थ—तिरुप्पुल्लाणि
3. पापविनाश तीर्थ—मण्डपम रेलस्टेशन के पास समुद्र तट पर
4. कपि तीर्थ—पांबन में एक तालाब
5. मंगल तीर्थ } तंगच्चिमडम में एकान्त राम के मन्दिर के पास
6. ऋण विमोचन तीर्थ }
7. अमृतवापि तीर्थ—एकान्त राम के मन्दिर के पास
8. सुग्रीव तीर्थ } गंधमादन पर्वत के पास
9. जांबव तीर्थ }
10. अंगद तीर्थ }
11. पांडव तीर्थ नामक धर्मतीर्थ } गंधमादन पर्वत के पास
12. भीम तीर्थ }
13. अर्जुन तीर्थ }
14. नकुल तीर्थ }
15. सहदेव तीर्थ }
16. द्रौपदी तीर्थ } भद्रकाली के मंदिर के पास।
17. ब्रह्म तीर्थ }
18. परशुराम तीर्थ }

19. हनुम कुंठ तीर्थ—रामनाथस्वामी मंदिर के उत्तर में
20. अगस्त्य तीर्थ—ऊपरी मंदिर के उत्तर पूरब में
21. नाग तीर्थ—राम मंदिर के भीतर

श्री सेतु तीर्थ

सेतु तीर्थ में नहाना और रामेश्वर मंदिर में दर्शन करना हर एक हिन्दू अपने जीवन का परम कर्तव्य समझता है। सेतु तीर्थ में स्नान बहुत पुनीत माना जाता है। भारत के बहुत ही पवित्र मंदिरों में रामेश्वरम एक माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि श्रीरामचन्द्रजीने अपने राज्याभिषेक के बाद भी एक बार इधर आकर पूजा की थी। पांचों पांडव तथा श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम इस पुण्यक्षेत्र में दर्शन के लिए आये थे। 'हिमालय से सेतु पर्यन्त', 'काशी-रामेश्वरम' ऐसे कथन प्रचलित हैं। इनसे सेतु समुद्र की मुख्यता मालूम होती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों में उत्तर में बद्रीनाथ, पूरब में पूरी-जगन्नाथ, पश्चिम में द्वारकानाथ, दक्षिण में रामनाथ मंदिर ये बड़े प्रसिद्ध हैं। इनमें रामेश्वरम का रामनाथ मंदिर ही शिवस्थल है, बाकी तीनों विष्णुस्थल हैं। श्रीराम ने शिवलिंग की स्थापना की, वे सीताजी के साथ पुष्पक विमान में जब अयोध्या को लौट रहे थे, तब सीताजी को यह स्थान दिखाया था-ऐसा श्रीवाल्मीकि रामायण, शिवपुराण, पद्म पुराण, कंबरामायण, तुलसी रामायण,

इन सब में बताया गया है। कुछ भी हो, रामचन्द्रजी ने यहाँ पर शिवलिङ्ग को स्थापित किया था, इस में कोई मतभेद नहीं होता। ऐसा विश्वास किया जाता है कि सेतु तीर्थ में नहाकर रामेश्वरम के दर्शन कर लेने से पुत्र-प्राप्ति होती है। रामेश्वरम में आज भी खेतों को बैलों से नहीं जोता जाता है; वहाँ तेल की घानी भी नहीं होती।

रामेश्वरम के विविध मंदिर

रामनाथ मंदिर के तीर्थों तथा विभिन्न-देवी देवता के मंदिरों को साथ के नकशे में बताया गया है। मुख्य-मुख्य मंदिरों का विवरण भी संक्षेप में दिया गया है।

रामनाथस्वामी का मंदिर

यही भगवान रामनाथ का मूलस्थान या मुख्य मंदिर है। यहाँ का शिवलिंग सीताजी द्वारा बनाया गया तथा श्री राम द्वारा पुनीत किया गया था। सामने एक मण्डप के वितान (छत) में श्री राम, सीता, हनुमान (अपने दोनों हाथों में दो शिवलिंग धारण किये) हैं। सुग्रीव सिर झुकाये, हाथ से मुँह बंद किये विनीत भाव से श्री राम को हनुमान के शिवलिंग लेकर आ जाने का समाचार देते हुए खड़े हैं। द्वारों पर तथा ऊपरी छत में जो पत्थर हैं उनमें बहुत सुन्दर कारीगरी देख सकते हैं। सामने का खंभोंवाला मण्डप बहुत सुन्दर तथा आकर्षक है।

यहाँ पर तीन विमान हैं जिनमें हनुमान, गंधमादन लिंग, अगस्त्यलिंग इनकी मूर्तियाँ हैं।

विश्वनाथर का मंदिर

हनुमानजी जो शिव (विश्व)लिंग लाये थे वह यहीं संस्थापित है। यह रामनाथ मंदिर के उत्तर में है। रामेश्वरम मंदिर की पूजाओं में पहली पूजा इसी मंदिर में होती है।

देवी विशालाक्षी का मंदिर

भगवान विश्वनाथजी की आप देवी हैं। इन देवी की पूजाएँ भी विश्वनाथजी के साथ ही नित्य सर्वप्रथम होती हैं।

उत्सव की मूर्तियाँ

प्रधान मंदिर के दक्षिण में रखी हुई ये उत्सव मूर्तियाँ हैं। इनमें नन्दिकेश्वर मूर्ति बहुत सुन्दर है। दो हाथों में कुछ वस्तुएँ, दो हाथ जुडे हुए तथा पूंछ जांघ के साथ चिपकी हुई-यह कलाकृति बहुत आकर्षक है, इसको बनानेवाले शिल्पी की कुशलता सराहनीय है।

पर्वतवर्द्धिनी का मंदिर

आप भगवान श्री रामनाथ की देवीजी हैं। श्री रामलिंग स्वामी के दाहिनी तरफ़ आप विराजमान हैं। ईश्वर के मन्दिर के दाहिनी तरफ़ देवी के मन्दिर का रहना बहुत महत्व रखता है

ऐसा कहा जाता है। मदुरै के मीनाक्षी मन्दिर में भी यही क्रम है। यहाँ जो श्रीचक्र है वह अवश्य दर्शन करने लायक है।

शयनगृह

यह देवी के मन्दिर के भीतर उत्तर-पूरब के कोने में है। हर रात को रामनाथ के मन्दिर से रामनाथ की स्वर्ण-मूर्ति यहाँ लिवा लायी जाती है; शयन-गृह के झूले पर देवीजी की स्वर्ण-प्रतिमा की बगल में इसको रखा जाता है तथा पूजा होती है। फिर प्रातःकाल को पूजा हो चुकने के बाद श्री रामनाथ को उनके मन्दिर में ले जाया जाता है। यह पूजा इतना महत्व रखती है कि देवलोक के निवासी भी देखना चाहेंगे। रात को देर तक जागकर तथा बड़े सबेरे उठकर भी इन पूजाओं को देखनेवालों का जीवन अवश्य सफल होता है।

विष्णु मन्दिर

देवी पर्वतवर्द्धिनी के मन्दिर के उत्तर पश्चिम में आसमान की ओर मुँह किये हुए भगवान विष्णु शेषनाग पर लेटे हुए दर्शन दे रहे हैं।

सन्तान गणपति का मन्दिर

यह देवीजी के मन्दिर के दक्षिण पश्चिम में स्थित है।

शुक्रवार मण्डप

इस मण्डप में आदिलक्ष्मी, सन्तानलक्ष्मी, गजलक्ष्मी, धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, जयलक्ष्मी, ईश्वरलक्ष्मी, वीरलक्ष्मी आदि

अष्ट लक्ष्मियों की मूर्तियाँ हैं। इनके अलावा इस मण्डप में उत्तरी दिशा के आठ खंभों पर मनोन्मणि, माहेन्द्री, कौमारी, राज-राजेश्वरी, लक्ष्मी, काली, चामुण्डी, द्वारपालिका इनकी मूर्तियाँ हैं। दक्षिणी तरफ़ के आठ खंभों पर द्वारपालिका, शिवदुर्गा, मनोन्मणि, वागीश्वरी, सेतुपतिराजा कडम्बत्तेवर, प्रधानामात्य, भुवनेश्वरी, अन्नपूर्णा आदि की मूर्तियाँ हैं।

महागणपति का मंदिर

मंदिर भर की सभी कालों की पूजाएँ पहले इसी मंदिर से आरंभ होती हैं।

श्री सुब्रह्मण्य का मंदिर

दक्षिण भारत में कार्तिकेय या सुब्रह्मण्य उनकी दो पत्नियों सहित विशेष रूप से पूजे जाते हैं। मगर उत्तर भारत के कुछ स्थानों से आनेवाली कुछ स्त्रियाँ 'मुरुगन' या कार्तिकेय को एक अतिसुन्दर मनमोहक ब्रह्मचारी मात्र समझते हैं, पर उनके दर्शन-पूजा नहीं करते। (केन्द्रीय विधान सभा के प्रथम अध्यक्ष श्री मावलंकरजी जब इधर पधारे थे, तब उनकी पत्नी को यहाँ कार्तिकेय के दर्शन करने के लिए राज़ी कराना बड़े मुश्किल का काम हो गया।)

ख़ज़ाना

यह दूसरे प्राकार के उत्तर पश्चिमी कोने में है। हथियार-बंद पुलिस का यहाँ दिन रात पहरा रहता है। असंख्य बड़े

कीमती गहने यहाँ पर रखे गये हैं। उनको यदि कोई यात्री देखना चाहें तो पहले ही सूचना देकर, नियत शुल्क देकर व्यवस्था करा सकते हैं।

सेतुमाधव मंदिर

भगवान रामनाथजी के मंदिर के पीछे, दूसरे तीसरे प्राकारों के बीच में स्थित इस मंदिर के बारे में एक कहानी प्रचलित है। पुराने ज़माने में मदुरै पर शासन करनेवाले पुण्यनिधि नामक पाण्ड्य राजा ने सेतुस्नान के लिए सेतुतीर्थ की यात्रा की। उन्होंने सेतुस्नान के बाद गंधमादन में ठहरकर भगवान रामलिंग के दर्शन कर लेने के बाद भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए एक यज्ञ किया। उनकी भक्ति की परीक्षा लेने के विचार से भगवान विष्णु ने लक्ष्मी को एक अनाथ बालिका के वेष में उनके पास भेजा। राजा के कोई लड़की न होने से उन्होंने उस लड़की को अपने पास रख लिया। राजा और उनकी राणी विद्यावती ने उस लड़की का अच्छी तरह से पालन-पोषन किया। एक दिन भगवान विष्णु गंगाजल से भरे कलशों का एक काँवर कंधे पर रखे, हाथों में छत्र, पंखे लिये, रुद्राक्षमाला पहने एक बूढे ब्राह्मण के भेष में आये। वे उस नन्दनवन में चुपके से घुसे जहाँ वह लडकी थी, और उसका हाथ पकड़ लिया। दासियों ने दौड़कर राजा को खबर दी। राजा ने बूढ़े ब्राह्मण को पकड मंगाकर जंज़ीर से

जकड़कर रामेश्वर मंदिर के अन्दर रखवा दिया। उस रात को राजा ने बूढ़े को भगवान के रूप में और उस लड़की को लक्ष्मी के रूप में सपने में देखा। वे तुरन्त जाग पडे और लड़की के कमरे में गये। वहाँ भी उसी दृश्य को देखा। दूसरे दिन राजा उस लड़की को साथ लिये रामेश्वरम गये, वहां भगवान विष्णु को जंज़ीर से जकड़े हुए देखा। राजा ने अपने अपराध को समझा। वे बहुत दुखी हुए। राजाने भगवान और लक्ष्मी के प्रति जो भक्ति रखी उसके चिन्ह के रूप में श्री विष्णु अब भी वहाँ सेतुमाधव के नाम से विराजमान हैं। सेतुमाधव की मूर्ति सफेद संगमरमर की बनी है, इसलिए उसे श्वेतमाधव भी कहते हैं। पास जो सेतुमाधव तीर्थ है उसमें नहाकर सेतुमाधव और लक्ष्मी के दर्शन करनेवालों को सेतुतीर्थ (धनुष्कोटि) में स्नान करने का पूरा फल प्राप्त होगा तथा धनुष्कोटि से रेत लाकर सेतुमाधव के सामने पूजा करनेवालों को काशी की यात्रा करने का पुण्यलाभ होगा। ऐसा भगवान विष्णु ने कहा। इस तरह रामेश्वरम शैव वैष्णव दोनों संप्रदायवालों के लिए एक पुनीत यात्रा-स्थल माना जाता है।

रामलिंग प्रतिष्ठा

रामेश्वरम मंदिर के प्रसिद्ध प्राकार के उत्तर-पूरबी कोने में श्री रामचन्द्रजी द्वारा रामलिंग की प्रतिष्ठा का एक सुन्दर शिल्प है। श्री राम के साथ सीताजी, लक्ष्मण, हनुमान आदि भी दर्शित हैं।

हनुमानजी के हाथों में उनके द्वारा लाये गये लिंग हैं। राम, विभीषण, सुग्रीव आदि भी मौजूद हैं। यह एक बढिया शिल्पकला का नमूना है, जो सब के लिए दर्शनीय वस्तु है। इसे देखने के लिये यात्रियों से एक निश्चित शुल्क वसूल किया जाता है।

नटराज मंदिर

संसार भर में प्रसिद्ध बाहरी प्राकार के उत्तर-पूरबी कोने में नटराज का मंदिर है। इसके अन्दर महाविष्णु तथा अन्य कई देवताओं की मूर्तियाँ हैं। रामेश्वरम मंदिर की नटराज की मूर्तियाँ अन्य मंदिरों की मूर्तियों की अपेक्षा बड़ी हैं। ईश्वर के मंदिर के भीतरी प्राकार में दो नटराज मूर्तियाँ हैं। इनमें एक के सिर पर दोनों तरफ़ जटाएँ नहीं हैं। नटराज के पैरों के नीचे जो मुयलकन (राक्षस) लेटा है वह ऊपर को मुँह किये है तथा पैरों को पीछे की तरफ़ पसारे हुए है।

हनुमानजी का मंदिर

मंदिर के पूरबी मुख्य द्वार में प्रवेश करते समय दाहिनी तरफ़ हनुमानजी का मंदिर दक्षिण को मुँह किये है। हनुमानजी की मूर्ति लाल रंग की है। एक वैष्णव पुजारी यहाँ पूजा-अर्चना करते हैं। रक्तचंदन, तीर्थ, तुलसीदल आदि का प्रसाद यहाँ बांटा जाता है। हनुमानजी कैलास से जो शिवलिंग की मूर्तियाँ लाये थे उनमें एक इस मंदिर में है।

கந்தமாதன பர்வதம்

अनुप्पु मण्डप

यह मण्डप बाहरी प्राकार को पार कर, ध्वजस्तंभ, नन्दी-मण्डप इनकी ओर जाने के रास्ते में मुख्य द्वार से सटकर है।

महालक्ष्मी का मंदिर

यह अनुप्पु मण्डप की बायीं तरफ़ है।

विवाह मंडप

देवी पर्वतवर्द्धिनी के मंदिर के सामने यह विशाल मण्डप बना है। उसमें आषाढ (जुलाई-अगस्त) के महीने में ईश्वर तथा देवी का विवाह संपन्न होता है। उस अवसर पर धार्मिक प्रवचन आदि इस मण्डप में हुआ करते हैं।

नन्दी मण्डप

यह नन्दी ईंट और गारे से बना है। यह बहुत बड़ा है। नन्दी के दोनों तरफ़ मदुरै के दो राजा विश्वनाथ नायक, कृष्णम नायक इनकी मूर्तियाँ हैं। नन्दी के पीछे ध्वज-स्तंभ है।

गंधमादन पर्वत

रामेश्वरम मंदिर के उत्तर में डेढ मील दूरी पर एक ऊँचे टीले पर यह मण्डप बना है। यहाँ तक जाने के लिए अच्छी सड़क बनी है। मंदिर के भीतर श्रीराम के चरण-चिन्ह हैं। इस मण्डप की छत पर से देखने पर रामेश्वरम का सुन्दर विहंगम दृश्य तथा द्वीप के कुछ भाग दिखायी देते हैं।

श्रीकोदण्डराम का मंदिर

यह रामेश्वरम से पांच मील पर है। इस सुन्दर मन्दिर में श्री रामचन्द्रजी विराजमान हैं। कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण श्रीराम की शरण में आये तथा लक्ष्मणजी द्वारा उनका प्रथम राज्याभिषेक हुआ था। रामेश्वरम में रामलिंग-स्थापना का वार्षिक उत्सव जब होता है उस समय रामेश्वरम से श्री रामचन्द्र की मूर्ति विमान में यहाँ विभीषण के राज्याभिषेक के लिए लायी जाती है। उसके पहले के दिन रामेश्वरम में तिरुप्पकुडि नामक स्थान पर 'रावण-वध' होता है; विभीषण के राज्याभिषेक के दूसरे दिन रामेश्वरम में 'रामलिंग' की स्थापना होती है।

धनुष्कोटि का श्री विनायक मंदिर

धनुष्कोटि में रामेश्वरम से संबन्धित यही एक विनायकमंदिर है। अभी हाल में उधर जो आंधी-तूफ़ान हुए उनसे धनुष्कोटि गाँव करीब-करीब मिट गया। इसलिए वहाँ के विनायक की मूर्ति को रामश्वरम के मंदिर में लाकर सुरक्षित रखा गया है।

उत्सव

उत्सवों के विवरण की सूची साथ है। माघ महीने में (फ़रवरी-मार्च) महाशिवरात्रि, ज्येष्ठ मास में (जून-जुलाई) 'रामलिंग

प्रतिष्ठापनोत्सव, भाद्रपद पुष्य नक्षत्र के दिन (जनवरी-फ़रवरी) मंदिर के पश्चिमवाले लक्ष्मण तीर्थ तालाब में रात को ईश्वर और अन्य देवों सहित रथ तैराने का उत्सव, ये इस मंदिर के कुछ मुख्य उत्सव हैं। कई सालों में एक बार आनेवाले अर्द्धोदय, महोदय आदि पुण्य-पर्वों के अवसर पर रामेश्वरम से पंचमूर्तियाँ (विनायक, रामनाथ ईश्वर, देवी पर्वतवर्द्धिनी, कार्तिकेय, चण्डिकेश्वर) सेतु-स्नान तथा तीर्थ प्रसाद केलिए धनुष्कोटि ले जायी जाती हैं।

ठहरने के स्थान

रामेश्वरम में कहाँ-कहाँ यात्रीगण ठहर सकते हैं इसकी एक सूची साथ है। मंदिर के अधीन जो ऐसे स्थान हैं उनकी अच्छी देखरेख की जाती है। मंदिर के कर्मचारी लोग यात्रियों के ठहरने, पूजा, दर्शन आदि में उनकी मदद करते हैं।

तिरुप्पुल्लाणि या दर्भशयनम

यह रिवाज़ है कि रामेश्वरम में दर्शन कर लेने के बाद 'तिरुप्पुल्लाणि' या 'दर्भशयन' (आदि सेतु) क्षेत्र में जाना चाहिए। यह रामेश्वरम रेलवे स्टेशन से 5 मील पर है। यहाँ एक विष्णु मंदिर है जिसमें आलवारों (वैष्णव संतों) ने विष्णु की स्तुति गायी है। जिस तरह रामेश्वरम की महिमा के गीत शैव संतों ने गाये हैं, उसी तरह तिरुप्पुल्लाणि वैष्णव संतों द्वारा प्रशंशित 108 दिव्य

क्षेत्रों में एक है। कहा जाता है कि श्री रामचन्द्रजी यहाँ पर दूब की शय्या पर लेटे थे, और समुद्रराज ने आने में देरी की, तब उसपर क्रोधित हो उसके गर्व को चूर किया था, फिर समुद्रराज की सहायता से पुल बनवाया। यह भी कहा जाता है, समुद्र पार करने के पहले लंका पर चढाई करने के बारे में श्रीराम ने यहीं अपने लोगों से सलाह की थी।

देवीपट्टणम (या नवपाषाण स्थल)

यह समुद्र तट पर स्थित एक गाँव है। श्री रामचन्द्र ने यहाँ नौ पत्थरों के खंभे स्थापित किये हैं, जो नवग्रहों के द्योतक हैं। यह रामनाथपुरम से दस मील पर है। यहाँ एक देवी-मंदिर भी है।

रामचन्द्रजी ने गुह को रामनाथपुरम का पहला सेतुपति (राजा) बनाकर उसका राज्याभिषेक किया। उस राज्याभिषेक के समय गुह जिस चट्टान पर बैठा था वह रामनाथपुरम के 'रामलिंग विलास महल' में सुरक्षित है। पुरातन काल से ही रामनाथपुरम रियासत के सेतुपति (राजा) लोग रामेश्वरम से गहरा संपर्क रखते थे। पांडिय राजाओं ने समुद्री तट के स्थानों पर का हक इन सेतुपतियों को सौंप दिया था। श्री रामनाथस्वामी ही इन सेतुपतियों के 'कुल-देवता' हैं।

मंदिर का संचालन

रामेश्वरम मंदिर का संचालन कार्य सन् 1883 तक वेळ्ळाळ जाति के साधुओं के हाथों में था। उनके वंश का जब अंत हुआ, तब मदुरै ज़िला के न्यायाधीश से एक रिसीवर की सहायता से मंदिर के संचालन का भार अपने ऊपर ले लिया। फिर सन् 1883 के XX वाले कानून के अनुसार कुछ समय के लिए मंदिर के ट्रस्टी लोग नियुक्त हुए। अंत में सन् 1912 में नायब न्यायाधीश ने एक और व्यवस्था की जिसके अनुसार पांच साल की अवधि का एक निर्वाचन मण्डल नियुक्त किया गया था। उसमें रामनाथपुरम के सेतुपति, देवकोट्टै शहर के 'ऊ. अरु.' वंशज भी थे। सन् 1959 में 'हिन्दू धर्म संस्थान ऐक्ट' के मुताबिक धर्मकर्ता मण्डल तथा नायब कलेक्टर की श्रेणी का एक अफ़सर भी नियुक्त हुए। मंदिर में काम करनेवाले किसी भी कर्मचारी का मंदिर की आमदनी में हिस्सा या कोई हक नहीं होता।

आमदनी

ज़मीन संबन्धी विभिन्न ऐक्टों के कारण मंदिर की आमदनी बहुत कुछ घट गयी। सरकार से प्राप्त होनेवाली तसदीक़ (एक तरह की भेंट) की रकम, मंदिर की ज़मीनों की पैदावार से आमदनी भक्त यात्रियों से प्राप्त होने वाली रकमें, गोलकों द्वारा आमदनी, यात्रियों से प्राप्त होनेवाले विभिन्न शुल्कों की रकमें ये ही मिलकर

मंदिर की आमदनी बनती है। औसतन वार्षिक 5 लाख की आमदनी से मंदिर का संचालन बहुत मुश्किल से ही होता है।

भक्तजनों की ओर से मंदिर के लिए दान या न्यास के रूप में रकमें सहर्ष धन्यवाद सहित स्वीकृत की जाएँगी। ऐसे भक्तजनों के ऊपर भगवान रामनाथस्वामी तथा देवी पर्वतवर्द्धिनी के प्रसदा की वृष्टि होगी।

गजाजिनं शूलकपालपाणिम् ।
जटाधरं चन्द्रकलावतंसम् ॥
उमापतिं कालगळं त्रिनेत्रम् ।
श्रीरामनाथं शिरसा नमामि ॥

विभिन्न सेवाएँ

(विभिन्न प्रकार के दर्शन, पूजा-अर्चना, नैवेद्य चढाना, मनौतियाँ आदि।)

अभिषेक

1. सहस्र कलशाभिषेक
2. अष्टोत्तर कलशाभिषेक
3. शंखाभिषेक (1008 शंखों से) भोग सहित
4. शंखाभिषेक (108 शंखों से—भोग सहित)
5. रुद्राभिषेक
6. उभयाभिषेक (मामूली वस्तुओं से साधारण अभिषेक)
7. ,, (द्वितीय श्रेणी)
8. ,, (तृतीय श्रेणी)
9. गोक्षीराभिषेक (दूध के दाम सहित)
10. गुलाबजल का अभिषेक (गुलाब-जल की बडी या छोटी बोतलों के मूल्य सहित)
11. स्फटिक लिंग अभिषेक दर्शन (एक व्यक्ति के लिए)
12. ,, ,, (चार व्यक्तियोंवाले एक कुटुंब के लिए)
13. गंगभिषेक (हर एक बर्तन के लिए अलग शुल्क)

नोट :—अभिषेक के बाद बर्तन मंदिर के दफ़्तर का होगा। मंदिर के दफ़्तर में भी गगाजल बिकता है।

अर्चनाएँ

1. कोटि अर्चना के क्रम में ईश्वर को सहस्रनामार्चना
2. कोटि अर्चना देवी को तथा अन्य मूर्तियों को। (इस अर्चना केलिए भोग चढ़ाने रु. 2 से लेकर 9 रु. तक शुल्क लिया जाएगा।)
3. श्री रामनाथस्वामी को अष्टोत्तर अर्चना
4. देवी तथा अन्य मूर्तियों को 108 अर्चना
5. त्रिशति अर्चन—पायस (खीर) के भोग सहित
6. पंचमुख अर्चन (पूजा)
7. आरती
8. पुष्पमालाएँ चढाना (हर एक माला केलिए अलग शुल्क)

उत्सव

1. रजत रथ का सड़कों में जुलूस
2. पंचमूर्ति उत्सव
3. सोने की पालकी में देवी का जुलूस (तीसरे प्राकार में)
4. सोने की पालकी में देवी की झांकी मात
5. देवी को मुक्ताभरण चढाना
6. रामनाथस्वामी (गर्भगृह के मूल देवता) को स्वर्ण-कवच चढ़ाना

. गर्भगृहस्थ मूल देवी की मूर्ति को स्वर्णकवच चढ़ाना

अन्य

1. रुद्र-जप (मंदिर के अन्दर जाप होगा ; हर जपकार को दक्षिणा देने का क्रम है।)

2. मंदिर के भीतर गंगा-पूजा

3. आभूषणों का दर्शन (5 व्यक्तियों के एक-एक कुटुंब केलिए–देवस्थान के अफ़सरों की सुविधानुसार ही यह हो सकेगा।)

4. सोने-चांदी के वाहनों को देखने (10 व्यक्तियों तक के एक कुटुंब के लिए)

सूचना:—ऊपर के सभी कार्यों के लिए नियत शुल्क का विवरण देवस्थानम के दफ़तर से मालूम किया जा सकता है।

वार्षिक उत्सव आदि

संख्या	त्योहार	आरंभ	अंत	अन्य
1.	महाशिवरात्रि (इनमें देखने लायक 1. ऋषभवाहन दर्शन, 2. महाशिवरात्रि का अभिषेक, 3. चांदी का रथ)	माघ कृष्ण-षष्ठी (फ़रवरी-मार्च)	माघ कृष्ण अमावास्या	दस दिन
2.	वसन्तोत्सव	वैशाख शुक्ल षष्ठी (मई-जून)	वैशाख पूर्णिमा	दस दिन
3.	रामलिंग प्रतिष्ठापनोत्सव (इसमें दर्शनीय— ऋषभ वाहन)	ज्येष्ठ शुक्ल शुद्ध षष्ठी (जून-जुलाई)	ज्येष्ठ पूर्णिमा	दस दिन
4.	विवाहोत्सव इसमें दर्शनीय — (1) ऋषभवाहन (2) रजत रथ (3) देवी की तपस्या (4) सोने की पालकी में शयन झांकी (5) ईश्वर - पर्वती विवाह	आषाढ़-बहुल कृष्णाष्टमी (जुलाई-अगस्त)	श्रावण शुद्ध	17 दिन

संख्या	त्यौहार	आरंभ	अंत	अन्य
5.	नवरात्रिक त्योहार (मुख्य दिनः शहरा- तथा विजयादशमी के दिन)	भाद्रपद शुक्ल (शुद्ध) प्रथमा (अगस्त-सितंबर)	दशमी	10 दिन
6.	स्कंधषष्ठी षष्ठी त्यौहार (कार्तिकेय से संबन्धित)	आश्वीय शुद्ध शुक्ल प्रथमा (सितंबर-अक्टोबर)	आस्वयाक शुद्ध षष्ठी	6 दिन
7.	आर्द्रा दर्शन	मार्गशीर्ष शुद्ध षष्ठी-शतभिषक् नक्षत्र के दिन (दिसंबर-जनवरी)	मार्गशीर्ष शुद्ध पूर्णिमा	10 दिन

ऊपर उल्लिखित त्योहारों, उत्सवों के अतिरिक्त मासिक, साप्ताहिक, दैनिक, पक्षीय तथा अन्य विशिष्ट उत्सव भी निम्नप्रकार से होते हैं :——

माहवार त्योहार

कृत्तिका नक्षत्र के दिनों में श्री सुब्रह्मण्य (कार्तिकेय) को मयूरवाहन पर आरूढ़ कराकर रात के नौ और दस बजे के बीच बाहरी सडकों पर जुलूस।

पाक्षिक उत्सव—प्रदोष पूजा

सायंकाल 5 बजे से 6 बजे के बीच श्री रामनाथस्वामी को ऋषभ वाहन पर आरूढ कराकर तीसरे प्राकार में जुलूस निकालना।

साप्ताहिक उत्सव-शुक्रवारों में

रात के 9 बजे के बाद श्री पर्वतवर्द्धिनी को सोने की पालकी में आरूढ कराकर तीसरे प्राकार में जुलूस

विशिष्ट उत्सव

निम्नलिखित दिनों में पंचमूर्ति उत्सव होता है:—

1. मकर संक्रान्ति (पुष्प-प्रथम दिन)
2. चैत्र मास का प्रथम दिन (तमिल संवत्सर का आरंभ दिन)
3. महा कृत्तिका (कार्तिक पूर्णिमा के दिन)
4. रथ तैराने का उत्सव (पुष्य पूर्णिमा की रात को)

इनके अलावा वैकुण्ठ एकादशी तथा श्रीरामनवमी के दिनों में श्री रामचन्द्र के लिए उत्सव होता है।

आषाढ़ अमावास्या, पुष्य अमावास्या के दिनों में श्री कोदण्डराम गरुड़ वाहन पर आरूढ़ होकर धनुष्कोटि जाते हैं— वहाँ तीर्थ-प्रसाद बाँटा जाता है।

देवस्थान की सरायें

1. राम मन्दिर पूरबी रथ वीथी (बिजली की बत्तियाँ, नल का पानी सहित)
2. तिरुप्पणि बंगला " "
3. तेर्कु विड्डुदि (कुल तीन मकान) " "
4. विळांगोह्लै विड्डुदि (दो) उत्तर रथवीथी " "
5. मनूभाई धर्मशाला (छः) " " "

अन्य ठहरने के स्थान (सभी आम लोगों के लिए)

1. महावीर धर्मशाला - रेलवे स्टेशन के नज़दीक (बिजली, नल का पाती सहित)
2. तंजाऊर राजा चत्तम - पश्चिम रथ वीथी
3. रामनाथपुरम राजा चत्तम - पश्चिमी गोपुर द्वार के पास
4. वेंकटरायर चत्तम - पश्चिमी रथ वीथी "
5. याळ्प्पाण चत्तम (जाफ़ना चत्तम) - उत्तर रथ वीथी
6. रामकुमार चत्तस - पश्चिमी रथ वीथी
7. तिरुप्पनन्दाल काशी मडम - पूरबी सन्निधि गली "

सिर्फ़ उत्तर भारतीयों के लिए

1. दूधवाला धर्मशाला-गंगाधर पीतांबर पण्डा के संचालन में- रेलवे स्टेशन जाने के रास्ते में (बिजली की बत्ती सहित)

2. बंसीलाल अबीरचन्द धर्मशाला - पश्चिम गली (बिजली की बत्ती सहित)
3. गुजराती धर्मशाला - उत्तर रथ वीथी (,,)
4. अहल्याबाई धर्मशाला - पूरबी सन्निधि गली (,,)
5. अहमदाबाद सेठ मानकचन्द गोवनदास धर्मशाला— पश्चिम गली (बिजली की बत्ती सहित)
6. राजा शिवबख्श भागला धर्मशाला - पश्चिम गली (,,)
7. मिर्ज़ापुर बिन्नानी धर्मशाला-नडुत्तेरु पश्चिम गली (मिडिल स्ट्रीट)
8. भगवानदास भागला धर्मशाला - तिट्टक्कुडि में (सिर्फ़ कश्मीरियों के लिए)
9. जम्मू धर्मशाला - मिडिल स्ट्रीट (सिर्फ़ कश्मीरियों के लिए)

सिर्फ़ आंध्रवालों के लिए

1. चिलकान्तैया दुर्वासुलु धर्मशाला - 'वर्तकर गली' में
2. अरंगैय चेट्टियार धर्मशाला - ,,
3. विजयवाडा सुण्टु वेंकटचेट्टि धर्मशाला - ,,
4. कर्लपाडि श्यामला अम्माल धर्मशाला - पश्चिम गली में

अन्य लोगों के लिए

1. आर्य वैश्य धर्मशाला-पश्चिम गली में (सिर्फ़ आर्य वैश्यों के लिए)
2. रेड्डियार मटम—पश्चिम गली—रेड्डियारों के लिए
4. नाडार चत्रम—पुदु गली—नाडारों के लिए

4. परमक्कुडी अय्यासामी चेट्टियार चत्रम–पश्चिम रथ गली–काशुक्कार चेट्टियारों के लिए
5. नगरत्तार विडुदि–दक्षिण रथ गली–सिर्फ़ नगरत्तारों के लिए
6. मदुरै वी. एस. के. मुत्तुरामय्यर चत्रम–पूरब रथ गली–सिर्फ़ सौराष्ट्र ब्राह्मणों के लिए
7. कुशलारा चत्रम–दक्षिण रथ गली–सिर्फ़ सौराष्ट्र ब्राह्मणों के लिए
8. उडुपि नरसिंहराव चत्रम–उत्तर रथ गली–उडुपिके ब्राह्मणों केलिए
9. काशी मठम्–मिडिल स्ट्रीट–कोंकणी ब्राह्मणों के लिए

उन ग्रंथों की सूची जिनमें रामेश्वरम तथा सेतु का ज़िक्र हो:

1. ऋग्वेद
2. तैत्तिरीय संहिता या कृष्णयजुर्वेद
3. वाल्मीकि रामायण
4. अध्यात्म रामायण
5. आनन्द रामायण
6. कम्ब रामायणम
7. तुलसी रामायण
8. आग्नेय पुराण
9. भागवत पुराण
10. पद्म पुराण
11. शिव पुराण
12. कूर्म पुराण
13. स्कन्द पुराण

14. मार्कण्डेय पुराण
15. ब्रह्माण्ड पुराण
16. मत्स्य पुराण
17. मनुस्मृति
18. गालव स्मृति
19. गौतम स्मृति
20. मरीचि स्मृति
21. देवल स्मृति
22. पराशर स्मृति
23. तिरुज्ञानसंबन्धर का तेवारम्
24. अप्पर का तेवारम्
25. शेक्किषार का पेरियपुराणम्
26. अरुणगिरिनाथर का तिरुप्पुगल
27. तायुमानवर पाडल
28. अरुणाचल कविरायर पाडल
29. वेदान्त देशिकर का दयाशतकम
30. वेंकटाद्रि का विश्वगुणादर्श
31. परंजोति मुनिवर का तिरुविळैयाडल पुराणम्
32. चोक्कनाथप्पुलवर का तेवैयुला
33. निरम्ब अळगिय देशिकर का सेतुपुराणम्

भारती विजयम प्रेस, मद्रास-५.

शुक्र 2—3 सुख 2—3	चन्द्र 4—4-30	राहुकाल 4-30—6
गुरु 3—4 सत्व 3—4	शुक्र 6—7 सुख 6—7	चन्द्र 8—9 सत्व 8—9
राहुकाल 3—4-30	चन्द्र 5—6 अमृत 5—6	गुरु 7—8
चन्द्र 2—3	गुरु 4—5 अमृत 4—4-30	शुक्र 7—8 अमृत 7—7-30
राहुकाल 1-30—3	शुक्र 4—5 लाभ 4—4-30 सत्व 4—4-30	चन्द्र 6—7 अमृत 6—7
शुक्र 1—2 अमृत 1—1-30	यमघंटक 3—4-30	गुरु 5—6 धन 5—6
यमघंटक 1-30—3	शुक्र 5—6 सुख 5—6	चन्द्र, लाभ 7—7-30 सत्व 7-30—8

ान करते हुए कार्यारंभ करें—सभी कार्य फलप्रद होंगे।

ॐ

शिव शिव

नित्यफल : होरा—गौरी तथा त्रिगुण

आदित्यवार	शुक्र अमृत 7—8 सत्व 7-30—8	चन्द्र 9—10	गुरु 11—12 लाभ 11—12	यमघंटक 12—1-30	शुक्र 2—3 सुख 2—3	चन्द्र 4—4-30	राहुकाल 4-30—6
सोमवार	चन्द्र 6—7 अमृत, सत्व 6—7	राहुकाल 7-30—9	यमघंटक 10-30—12	चन्द्र 1—2 धन 1—1-30	गुरु 3—4 सत्व 3—4	शुक्र 6—7 सुख 6—7	चन्द्र 8—9 सत्व 8—9
मंगलवार	शुक्र 8—9 लाभ 8-9	यमघंटक 9—10-30	चन्द्र 10-30—11 सुख 10-30—11	गुरु 12—1	राहुकाल 3—4-30	चन्द्र 5—6 अमृत 5—6	गुरु 7—8
बुधवार	चन्द्र 7—7-30 लाभ 7—7-30	यमघंटक 7-30—9	गुरु 9—10 सुख 9—10	राहुकाल 12—1-30	चन्द्र 2—3	गुरु 4—5 अमृत 4—4-30	शुक्र 7—8 अमृत 7—7-30
गुरुवार	यमघंटक 6—7-30	शुक्र 9—10	चन्द्र 11—12 सत्व 11-12	गुरु 1—1-30 अमृत 1—1-30	राहुकाल 1-30—3	शुक्र 4—5 लाभ 4—4-30 सत्व 4—4-30	चन्द्र 6—7 अमृत 6—7
शुक्रवार	शुक्र 6—7 सुख 6—7	चन्द्र 8—9	गुरु 10—10-30 सत्व 10—10-30	राहुकाल 10-30—12	शुक्र 1—2 अमृत 1—1-30	यमघंटक 3—4-30	गुरु 5—6 धन 5—6
शनिवार	गुरु 7—8 सत्व 7-30—8	राहुकाल 9—10-30	शुक्र 10-30—11 अमृत 10-30—11	चन्द्र 12—1 सत्व 12—1	यमघंटक 1-30—3	शुक्र 5—6 सुख 5—6	चन्द्र, लाभ 7—7-30 सत्व 7-30—8

राहुकाल तथा यमघंटक को छोड़कर इसमें बताये गये शुभ समय में श्री पर्वतवर्द्धिनी समेत श्री रामनाथस्वामी का ध्यान करते हुए कार्यारंभ करें—सभी कार्य फलप्रद होंगे।